छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक/143/12/विज्ञापन/2024 नवा रायपुर, दिनांक : 11/04/2025

शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र क्रमांक 03/2025/परीक्षा/दिनांक 11/04/2025

(1) छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक के कुल 30 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 01/2025/परीक्षा/दिनांक 03/03/2025 प्रकाशन की तिथि 05/03/2025 जारी कर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10/03/2025 से दिनांक 08/04/2025 तक आमंत्रित किए गए थे।

(2) सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में Digilocker के माध्यम से आधार आधारित वेलिडेशन के दौरान पंजीयन डाटा तथा आधार डाटा में भिन्नता होने के कारण कई अभ्यर्थियों को आधार में अथवा पंजीयन डाटा में संशोधन की आवश्यकता थी जिसके कारण कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु अतिरिक्त समय की मांग की गई थी। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन आवेदन की तिथि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।

(3) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि में वृद्धि करते हुए दिनांक 12/04/2025 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 26/04/2025 रात्रि 11:59 बजे तक निर्धारित की जाती है। ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व में ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं एवं दिनांक 12/04/2025 से 26/04/2025 तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार आवेदन की अंतिम तिथि के बाद दिनांक 27/04/2025 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 29/04/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकेगा। उक्त त्रुटि सुधार का कार्य केवल एक बार ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। उक्त त्रुटि सुधार नि:शुल्क होगा। ऑनलाइन आवेदन में सशुल्क त्रुटिसुधार का कार्य नि:शुल्क त्रुटिसुधार करने की अंतिम तिथि के बाद दिनांक 30/04/2025 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 02/05/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किए जा सकेंगे।

(4) ऐसे अभ्यर्थी जो अपने आधार नम्बर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन न करते हुए अन्य आई.डी. के माध्यम से वेलिडेशन कराना चाहते हों अथवा जिनके पास आधार नम्बर नहीं है उन अभ्यर्थियों को उनके ऑनलाइन आवेदन के डेशबोर्ड पर युनिक आई.डी. प्राप्त करने के लिए एक लिंक प्राप्त होगा जिसके माध्यम से अभ्यर्थी को संबंधित पद हेतु आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

(5) आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत अभ्यर्थी को ऑनलाइन अभिवचन करना होगा कि उसके द्वारा अपलोड किए गए समस्त मूल दस्तावेज उसके पास उपलब्ध है तथा पूरी तरह वैध एवं मान्य है इसके पश्चात् अभ्यर्थी को उसके ई-मेल आई.डी. पर एक यूनिक आई.डी. प्राप्त होगी जिसका उपयोग कर वह ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण कर सकेगा।

(6) उक्त प्रक्रिया हेतु रूपये 500/- (पांच सौ रूपये) एवं पोर्टल शुल्क + जीएसटी शुल्क देय होगा।

(7) विज्ञापन क्रमांक 01/2025/परीक्षा/दिनांक 03.03.2025 की शेष समस्त शर्तें/कण्डिकाएं यथावत रहेंगी।

सही/-
सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर